प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम आज तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे वाराणसी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कल द्विपक्षीय वार्ता में लेंगे भाग।
2. नेपाल में बढ़ते संकट को देखते हुए सीमा से लगे प्रदेश के सभी जिलों में हाई अलर्ट घोषित : भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए बनाया गया विशेष नियंत्रण कक्ष।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंडित गोविंदवल्लभ पंत की 138वीं जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि : कहा– बतौर मुख्यमंत्री श्री पंत ने उत्तर प्रदश के विकास के लिए उठाए थे सकारात्मक कदम।

और

4. स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में प्रदेश के 17 शहरों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन : 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों में झांसी और मुरादाबाद को मिला दूसरा स्थान।

———————————

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम तीन दिवसीय दौरे पर आज वाराणसी पहुंचे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता में भाग

लेने क लिए वाराणसी पहुंचेंगे। वैश्विक कूटनीति की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस बैठक में व्यापारिक, सांस्कृतिक और विरासत सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के काशी आगमन पर एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। काशीवासियों ने एयरपोर्ट से होटल के रास्ते में जगह जगह सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उनका स्वागत किया। श्री रामगुलाम के दौरे के मद्देनज़र पूरे शहर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मॉरिशस के प्रधानमंत्री के सात द्विपक्षीय वार्ता में शामिल होने कल सुबह वाराणसी पहुंचेंगे। इस दौरान दोनों नेता विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण और सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करेंगे। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि पूरे शहर में पर्याप्त संख्या में स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी, एटीएस, क्यूआरटी और आरएएफ की भी तैनाती की गई है।*

*लगभग पाँच हज़ार पुलिसकर्मी, पचास गजेटेड ऑफर और पंद्रह आईपीएस ऑफिसर ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं। पूरे रूट की पूरे कार्यक्रम की ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी। जगह जगह सीसीटीवी लगाए गए हैं। उसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।*

*काशी प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री रामगुलाम विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगे और गंगा आरती में भी शामिल होंगे। शुक्रवार को वह अयोध्या के लिए रवाना होंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

———————————

उत्तर प्रदेश सरकार ने पड़ोसी देश नेपाल में बढ़ते संकट को देखते हुए सीमा से लगे अपने सभी जिलों में चौबीसों घंटे का हाई अलर्ट घोषित किया है। श्रावस्ती, बलरामपुर, बहराइच, पीलीभीत, लखीमपुरखीरी, सिद्धार्थनगर और महराजगंज में सुरक्षा व्यवस्था को और

सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही नेपाल सीमा से आने जाने वालों को सघन तलाशी ली जा रही है। पेश है एक रिपोर्ट....

*नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में कानून व्यवस्था शाखा में एक विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यहां पर तीन हेल्पलाइन नंबर और एक व्हाट्सएप नंबर चौबिसों घंटे संचालित रहेंगे। जिसके माध्यम से नागरिक सीधे मदद हासिल कर सकेंगे। ये नंबर हैं –0522–2390 257 और 0522–2724 010. व्हाट्सएप नम्बर है –945 440 1674 इसके अलावा, पुलिस मुख्यालय की सोशल मीडिया इकाई कोभी निर्देशित किया गया है कि नेपाल से जुड़े किसी भी संवेदनशील सूचना या पोस्ट की लगातार निगरानी की जाए और ज़रूरत पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

सरकार ने भारतीय नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा न करने की सलाह दी है। सरकार ने नेपाल में भारतीय नागरिकों को अपने वर्तमान निवास स्थानों पर ही रहने, सड़कों पर जाने से बचने और पूरी सावधानी बरतने को कहा है।

———————————

मुख्यमंत्रो योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहे भारत रत्न, पंडित गोविंदवल्लभ पंत की 138वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री के रूप में पंडित गोविंद वल्ल्भ पंत ने

राज्य के विकास के लिए सकारात्मक कदम उठाए थे। बाइट....

*प्रथम मुख्यमंत्री होने के नाते उत्तर प्रदेश के विकास की कार्ययोजना उत्तर प्रदेश के सामने जो समय की चुनौतियां थीं, सैकड़ों वर्षों की गुलामी के कालखंड में उत्तर प्रदेश की अस्त व्यस्त हुई व्यवस्था को ठीक करने और उत्तर प्रदेश को विकास के अग्रणी पायदान पर खड़ा करने के लिए उन्होंने अनेक सुधारात्मक कदम उठाये थे।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महंत दिग्विजयनाथ की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धाजंलि सभा में शिरकत की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ ने हमेशा एक योजक की भूमिका निभाकर समाज और राष्ट्र को दिशा दिखाई। श्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित भारत सिर्फ राजनीतिक संकल्प नहीं बल्कि भारत और भारतीयता का मंत्र है।

————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में युवा मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस मैराथन के माध्यम से नशा मुक्त भारत का

संदेश दिया जाएगा। इसी क्रम में सेवा पखवाड़ा के तहत बदायूं में भारतीय जनता पार्टी ने जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, प्रदर्शनी, स्वास्थ्य शिविर आदि के आयोजन को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

इस स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली तक जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। उनका यह सपना तब साकार हुआ, जब 3 सितंबर को जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने, कई क्षेत्रों में कर दरों को कम करने और नागरिकों के जीवन को आसान बनाने को मंजूरी दी। आज, हम देखते हैं कि ये सुधार शिक्षा क्षेत्र में कैसे मददगार साबित होंगे। एक रिपोर्ट...

*सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर जीएसटी दरों में छूट देकर शिक्षा क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। नए सुधारों के तहत, पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएँ, ग्राफ बुक, मानचित्र और चार्ट जैसी स्टेशनरी वस्तुओं को पहले के 12 प्रतिशत जीएसटी से छूट दी गई है, जबकि रबड़ पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गयाहै। विष्णु और सौम्या के साथ दृष्टिपुन्यानी, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

**राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय क 68वें दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने 1 लाख 26 हज़ार 254 उपाधियाँ और 201 पदक प्रदान किए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने के लिए बाराबंकी के 300 आंगनबाड़ी केंद्रों को आंगनबाड़ी किट और हेल्थ किट भी बांटीं।**

———————————

**स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में प्रदेश के 17 शहरों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देशभर में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। इस उपलब्धि के लिए प्रत्येक शहर को 25 लाख रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। पेश है एक रिपोर्ट.....**

*पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से आयोजित इस सर्वेक्षण में राष्ट्रीय रैंकिंग में तीन से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों में झांसी और मुरादाबाद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। गोरखपुर और फिरोजाबाद पांचवें, बरेली सातवें वहीं नोएडा नौवें स्थान पर है। वहीं, 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में आगरा तीसरे, कानपुर पांचवें,*

*प्रयागराज सातवें, वाराणसी 11वें, गाजियाबाद 12वें, लखनऊ 15वें और मेरठ 33वें स्थान पर रहा। तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में अनपरा पांचवें, रायबरेली सातवें, गजरौला 23वें और खुर्जा 26वें स्थान पर रहा है। इस शानदार उपलब्धि के लिए आगरा, झांसी और मुरादाबाद को भारत सरकार के पर्यावरण मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————————

**प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश औऱ बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण फर्रुखाबाद ,कन्नौज, कानपुर नगर गाज़ीपुर और बलिया में गंगा, शाहजहांपुर में रामगंगा, मथुरा, आगरा और इटावा में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राज्य के 31 जनपदों की लगभग तीन लाख बीस हज़ार की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में 10 एनडीआरएफ, 11 एसडीआरएफ और 23 पीएसी की टीमें राहत और बचाव कार्यों में लगाई गई है। जबकि 1037 बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राज्य के पूर्वी हिस्से में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।**

**(समाप्त)**